तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 18 जून 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 नशे के अवैध कारोबार पर हो कड़ी कार्रवाई



## खबर संक्षेप

### नर्मदापुर में पंजीकरण शिविर आज योजनाओं का मिलेगा लाभ

**अम्बिकापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे ''विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के'' कार्यक्रम के अंतर्गत 18 जून को प्रातः 10.30 बजे से स्वामी आत्मानंद स्कूल नर्मदापुर में निर्मित अतिरिक्त भोजन कक्ष में विशेष पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम सीतापुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर आमजनों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करेंगे। शिविर के माध्यम से पात्र हितग्राहियों का पंजीयन, दस्तावेजों का सत्यापन तथा योजनाओं से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में आधार कार्ड, जनधन बैंक खाता, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, स्वनिधि मुद्रा लोन, आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान वंदना, सिकल सेल बीमारी जांच, जननी सुरक्षा योजना, पीएम सूर्यघर योजना, श्रम पंजीयन, इंदिरा गांधी एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना, जन्म एवं मृत्यु पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, पीएम कौशल विकास योजना, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, पीएम सुकन्या समृद्धि योजना तथा मनरेगा अंतर्गत वीबीजी-आरएएम-जी सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

### बैंक से पैसा निकाल घर लौट रही युवती से नकाबपोशों ने लूटे 38 हजार रूपए

**लखनपुर।** जिला सहकारी बैंक से धान विक्रय का बोनस राशि निकालकर अपने बाबा और भाई के साथ स्कूटी में घर लौट रही युवती के साथ बाइक सवार नकाबपोशों ने नगद राशि सहित दस्तावेज और मोबाइल लूट मौके से फरार हो गए। लूट के घटना के दौरान युवती चलती स्कूटी से सड़क पर गिर गई जिससे घायल हो गई। लूट की सूचना मिलते ही लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंच घटना स्थल के आसपास सीसी टीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों का पता लगाया जा सके। जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर लगभग 12.45 बजे ग्राम अमल भिट्ठी महादेवपारा निवासी सविता सिंह आ. सुखदेव सिंह (24 वर्ष)अपने भाई आशीष सिंह और बाबा आनंदी राम सिंह के साथ जिला सहकारी बैंक से धान बोनस का 38 हजार रूपए निकालकर वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही स्कूटी सवार अंबिकापुर-बिलासपुर मुख्य मार्ग में लखनपुर चंदनई नदी किनारे स्थित अटल परिसर चौक के पास पहुंचे तभी नकाबपोश बाइक सवार पीछे से आकर युवती के हाथों से पैसे से भरा थैला छीनकर फरार हो गए। थैला के अंदर युवती का मोबाइल और अन्य दस्तावेज भी थे। इस छीना झपटी में स्कूटी सवार युवती स्कूटी से गिर गई जिससे घायल हो गई। इधर घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचे आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की खोज करने में लगी हुई है। लखनपुर जिला सहकारी बैंक से पैसा निकाले वाले भोले भाले ग्रामीणों को बाइक सवार नकाबपोश निशाना बनाते है। पूर्व में ऐसी कोई घटनाएं सामने आ चुकी है।

### प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित

अम्बिकापुर। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 10 मई 2026 को किया गया था। परीक्षा के उपरांत प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण कर अंतिम परीक्षा परिणाम विभागीय वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है।

## आमजन की समस्या दूर करने बनाई गई सीएम हेल्पलाइन, हजारों की संख्या में अधिकारी रोज कर रहे समीक्षा

# नक्सलमुक्त छग अब विकास की राह में तेजी से आगे बढ़ रहा : सीएम





मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों की मौजूदगी में नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षदों को शपथ दिलाती सूरजपुर एस डीएम शिवानी जायसवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनंदनपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं 7 पार्षदों ने बुधवार को यहां आयोजित भव्य समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली,इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, राजेश अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

**खास बातें**

- शिवनंदनपुर नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व 7 पार्षदों ने ली शपथ, सीएम सहित कई मंत्री रहे मौजूद
- वार्ड नंबर 6 में सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन बनवाने की सीएम ने की घोषणा
- कांग्रेस के 8 पार्षदों ने अलग से नगर पंचायत परिसर में ली शपथ

हाल ही में संपन्न नगर पंचायत चुनाव में भाजपा ने अध्यक्ष पद सहित 7 वार्डों में जीत दर्ज की थी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद क्षेत्रीय विधायक एवं महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में नवनिर्वाचित अध्यक्ष रितेश जायसवाल और भाजपा पार्षदों ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उन्हें शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया था। बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह में निर्धारित कार्यक्रम से करीब एक घंटे विलंब से सीएम शिवनंदनपुर पहुंचे, मुख्यमंत्री का अयप्पा ग्राउंड स्थित हेलीपेड पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा हितग्राहियों को लाभान्वित किया। मंच पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने हाथ हिलाकर स्थानीय लोगों का अभिवादन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत उद्बोधन में सूरजपुर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने बताया कि शिवनंदनपुर नगर पंचायत का गठन 31 अक्टूबर 2024 को किया गया था। उन्होंने प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। इसके बाद एसडीएम सूरजपुर ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष रितेश जायसवाल सहित सातों भाजपा पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने वाले पार्षदों में श्यामू साहू,प्रमिला साहू, मंजू खेमचंद गोयल, अंजली राजवाड़े, वर्षा जायसवाल, मनी बग्गा एवं प्रशांत अग्रवाल उपस्थित रहे। इस दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मंच से अपने संबोधन में नगर पंचायत शिवनंदनपुर के गठन के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अल्प समय में ही मुख्यमंत्री ने नगर के विकास के लिए चार करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत कर विकास की आधारशिला रख दी है। उन्होंने भटगांव विधानसभा एवं नगर पंचायत के निरंतर विकास के लिए आगे भी सहयोग की अपेक्षा जताई। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता ने भाजपा पर विश्वास जताकर नगर पंचायत में भाजपा की सरकार बनाई है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से नगर के विकास कार्यों में आज से ही जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि सड़क, बिजली, पानी और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं के बेहतर प्रबंधन के लिए सरकार धन की कमी नहीं होने देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभी गारंटियों को पूरा करने की दिशा में कार्य किया है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस शासनकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित 18 लाख परिवारों को आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेज की गई है और अब तक 10 लाख साठ हजार परिवारों को आवास सौंपे जा चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश की 17 लाख महिलाओं के खातों में महतारी वंदन योजना की 28 किस्तें भेजी जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने नक्सलवाद के खिलाफ सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि सुरक्षा बलों के साहस और सरकार के प्रयासों से छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन 1076 की जानकारी देते हुए कहा कि इसकी प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। सीएम ने इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष रितेश गुप्ता की मांग पर वार्ड क्रमांक 6 में मंगल भवन निर्माण की मंजूरी मंच से दी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल,प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल,राजेश अग्रवाल, सांसद चिंतामणि महाराज रामसेवक पैकरा,सहित क्षेत्रीय भाजपा नेता पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित संभाग के कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा,आईजी सरगुजा दीपक झा, कलेक्टर सूरजपुर, जिला पंचायत सीईओ सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।



सीएम को स्मृति चिन्ह व हस्त शिल्प कलाकृति की गई भेंट।

### भाजपा कार्यकर्ताओं के घर जाकर मिले मुख्यमंत्री

शिवनंदनपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ग्राम सतपता निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुप्ता के निवास पहुंचे, जहां परिवारजनों ने उनका शाल-श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद वे वार्ड क्रमांक-8 से भाजपा प्रत्याशी रहे अमित मित्तल के घर पहुंचे और चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई देते हुए हार से निराश न होने की सलाह दी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री अपने ओएसडी रवि मिश्रा के निवास पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और कुशलक्षेम जाना, बाद में वे हेलीकॉप्टर से गरियाबंद के लिए रवाना हो गए।

#### मुस्लिम समाज के लोगों ने सीएम को गुलाब का फूल देकर किया अभिनन्दन

भाजपा नेता एजाज एहमद खान जिमि की अगुवाई में मुस्लिम समाज के लोगों ने सीएम को लाल गुलाब का फूल देकर शिवनन्दनपुर आने पर उनका अभिनन्दन किया एवं कब्रिस्तान में बॉउंड्री वाल सम्बंधित निर्माण कार्य कराने को लेकर ज्ञापन सौंपा,इस दौरान हाफिज मोहम्मद हुसैन, अहमद हुसैन, जल्लुद्दीन उस्मानिया, मैसूवर, शाहिद आलम, इमरान सिद्दीकी तनवीर मौजूद रहे।

#### 8 कांग्रेसी पार्षदों ने नगर पंचायत कार्यालय में अलग से ली शपथ

इस भव्य आयोजन को पूर्ण रूप से भाजपा का आयोजन बताते हुए आठों कांग्रेसी पार्षद शपथ समारोह से दूर रहे, उन्होंने दोपहर बाद नगर पंचायत कार्यालय में शपथ लिया। एसडीएम ने सभी आठ कांग्रेसी पार्षदों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## कुल्हाड़ी जंगल में डोरी बीनने गई बुजुर्ग महिला को हाथी ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार की सुबह शहर से लगे कुल्हाड़ी जंगल में दल से अलग घूम रहे दंतैल ने एक बुजुर्ग महिला को कुचलकर मार डाला। महिला जंगल में डोरी बीनने गई हुई थी। इस घटना के बाद क्षेत्र में दशहत का माहौल है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पीएम उपरान्त शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया है और तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही वन विभाग द्वारा हाथियों के दल पर निगरानी रखी जा रही है। दल के चार हाथी बलरामपुर जबकि दो हाथी कुल्हाड़ी जंगल के अलग अलग कम्पार्टमेंट में मौजूद है। वन विभाग द्वारा लोगों को जंगल में नहीं जाने की सलाह दी जा रही है।

- 6 हाथियों का दल है सक्रिय, दल से अलग घूम रहे दंतैल से हुआ सामना, लोगों में दहशत का माहौल

बता दें कि शहर से लगे कुल्हाड़ी जंगल में छह हाथियों का दल लम्बे समय से सक्रिय है। हाथी महीनों से कुल्हाड़ी के जंगल में घूम रहे है। बीच बीच में हाथी बलरामपुर जिले के राजपुर की ओर चले जाते है लेकिन दो तीन दिनों में ही दल वापस कुल्हाड़ी जंगल में लौट आता है। वर्तमान में भी हाथियों का दल कुल्हाड़ी जंगल में ही मौजूद है। ऐसे में वन विभाग द्वारा हाथियों की गतिविधि पर निगरानी रखने के साथ ही लोगों जंगल नहीं जाने की सलाह दी जा रही है। बीती रात भी वन विभाग द्वारा लोगों को जंगल में जाने से रोकने के लिए चेतावनी दी गई थी लेकिन बुधवार की सुबह कुछ लोग जंगल में डोरी बिनने के लिए चले गए। संभावना जताई जा रही है कि जंगल में डोरी बिनने के दौरान कुल्हाड़ी निवासी 70 वर्षीया कैलासो बाई का दल से अलग होकर घूम रहे दंतैल से सामना हो गया। दंतैल ने महिला को कुचलकर मार डाला। हाथी के हमले में महिला के मौत की खबर मिलने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया। इसके साथ ही मृतिका के परिजन को तात्कालिक सहायता राशि के रूप में 25 हजार रूपए प्रदान किया गया है। शेष राशि पीएम रिपोर्ट और प्रकरण तैयार होने के बाद देने की बात कही जा रही है।



मृतिका के पति को सहायता राशि देते वन अधिकारी।

### रात को जंगल में गए थे 5 बच्चे भी

हाथियों की मौजोदगी को देखते हुए वन विभाग द्वारा नियमित रूप से उनकी निगरानी की जा रही है और संभावित क्षेत्र में अनाउंसमेंट कराकर सचेत किया जा रहा है। इस बीच बीती रात भी 4-5 बच्चे कुल्हाड़ी जंगल में चले गए थे। इस बात की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग द्वारा लोगों को बाहर निकाला गया था और लोगों को फिलहाल जंगल से दूर रहने की समझाइश दी गई थी लेकिन इसके बाद भी पंडो महिला कैलासो बाई जंगल में चली गई और उसका दल से अलग घूम रहे दंतैल से सामना हो गया।

#### ले चुका है पूर्व में चार जाने

कुल्हाड़ी जंगल में कुल छह हाथियों का दल मौजूद है। इनमें एक दंतैल भी शामिल है जो काफी आक्रामक है। दंतैल समय समय पर दल से अलग हो जाता है। इसी दंतैल ने पांच से छह दिन पहले राजपुर के कुंदी क्षेत्र में दम्पति को कुचलकर मार दिया था। इसके साथ ही कल्याणपुर क्षेत्र में भी हाथी ने तीन लोगों को मौत के घाट उतारा था। इस तरह इस दंतैल ने पूर्व में पांच और एक बुजुर्ग महिला को मिलाकर अब तक छह जाने ली है। बताया जा रहा है कि बीती रात भी दल के चार हाथी बलरामपुर जिले की ओर रवाना हो गए थे जबकि दंतैल व एक अन्य हाथी कुल्हाड़ी के अलग अलग कम्पार्टमेंट में मौजूद है और वन विभाग द्वारा उनपर निगरानी रखी जा रही है।

#### रखी जा रही है निगरानी

हाथी के हमले में एक महिला की मौत हुई है। हमारी टीम लगातार हाथियों के दल पर निगरानी रख रही है। बीती रात 4-5 बच्चे जंगल गए थे जिन्हे टीम ने सुरक्षित बहार निकाला था और गांव में लोगों को सचेत किया गया था। महिला डोरी बीनने चली गई। मृतिका के परिजन को तात्कालिक सहायता दी गई है इसके साथ ही हाथियों के दल पर निगरानी रखी जा रही है।

-अभिषेक जोगावत
डीएफओ सरगुजा

**शहर के केदारपुर मोहल्ले में की गई गुंडागर्दी**

## रात में भाई के साथ जा रही युवती से छेड़छाड़ विरोध करने पर युवक को दौड़ाकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में इन दिनों अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए है। आलम यह है कि लोग बेखौफ होकर मारपीट और गुंडागर्दी कर रहे है। शहर में उत्पात का एक ऐसा ही मामला सामने आया है जिसमें पहले तो युवती से छेड़छाड़ की गई और जब उसके भाई ने विरोध किया तो युवको ने उसके साथ जमकर मारपीट की। आरोपियों ने युवती के भाई को दौड़ा दौड़ाकर पीटा। मारपीट की घटना मोहल्ले में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई जिसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। इधर इस मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें पांच नाबालिग है।

- घटना का सीसीटीवी वीडियो वायरल, सात गिरफ्तार

युवती से छेड़छाड़ और मारपीट की घटना 10 जून की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार युवती रात 10.30 बजे अपने भाई के साथ स्कूटी से गांधी चौक की ओर जा रही थी। इस दौरान मिशल अस्पताल के पांच पहुंचने पर उनका सामना अतुल ताम्रकार से हुआ। अतुल ताम्रकार और उसके साथियों ने उनका रास्ता रोक लिया और युवती के साथ छेड़खानी की। शराब के नशे में धुत बदमाशों ने युवती के साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया और जब भाई ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने युवक को पकड़ लिया और उसके साथ जमकर मारपीट की। आरोपियों ने युवक को मोहल्ले में दौड़ा दौड़कर पीटा। इस दौरान युवती अपने भाई को छुड़ाने के लिए मिन्नत करती रही लेकिन उत्पाती बदमाशों ने युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया और हाथ मुक्का, बांस के डंडा, पत्थर, बेल्ट से मारपीट की और फिर घायल युवक को छोड़कर आरोपी फरार हो गए। मारपीट की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। इस घटना की शिकायत 11 जून को युवती ने पुलिस से की थी वही इस घटना का सीसीटीवी वीडियो अब वायरल हो रहा है जिसमें लोग रात के समय युवक की बेरहमी से पिटाई करते नजर आ रहे है। इस वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस की कार्य्रनालिया और अपराधियों में पुलिस के खौफ को लेकर सवाल खड़े हो गए है। रात के समय युवक खुलेआम गुंडागर्दी करते रहते है और पुलिस उनपर कोई कार्रवाई नहीं कर पाती। जबकि पुलिस द्वारा नियमित रूप से रात्रि गस्त का दावा किया जाता है।



#### सात को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अब इस मामले में पुलिस ने युवती की शिकायत के बाद कुल सात आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने मामले में केदारपुर निवासी 21 वर्षीय अतुल ताम्रकार आ. बिरजू ताम्रकार व 22 वर्षीय रोहित केडिया आ बसंत केडिया को पकड़ा है। इसके साथ ही पुलिस ने मामले में मारपीट और छेड़छाड़ करने वाले पांच नाबालिगों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(3), 115(2), 191(2), 126(2), 74, 75(2), 78 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त बेल्ट, डंडा, पत्थर एवं स्कूटी जब्त करने के साथ ही 5 विधि से संघर्षरत बालको को किशोर न्याय बोर्ड व 2 बालिग आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, महिला प्रधान आरक्षक राधा यादव, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक अमित विश्वकर्मा, नितिन सिन्हा, दीपक दास, साइबर सेल से साइबर सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, आरक्षक अनुज जायसवाल, अशोक यादव, अमन केरकेट्टा, सक्रिय रहे।

## जमीन का ले आउट करने गए इंजीनियर से मारपीट कर लूटा लैपटॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में इंजीनियर के साथ मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। इस घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के गांधीनगर डेयर फार्म रोड निवासी 29 वर्षीय अमर कुशवाहा आ. भोला कुशवाहा के मामा रामनाथ कुशवाहा की कुशवाहा चौक केदारपुर में जमीन स्थित है। उक्त भूमि पर बाउंड्रीवाल निर्माण कराया गया है और 14 जून को मकान निर्माण के लिए अमर कुशवाहा इंजीनियर को बुलाया था। इस दौरान दोपहर में 1.10 बजे जब अमर कुशवाहा व इंजीनियर लक्ष्मी नारायण जमीन का ले आउट कराकर निकल रहे रहे तो सूर्या कुशवाहा, भगवान कुशवाहा, लोकेश्वर कुशवाहा ने उन्हें घेर लिया और मकान नहीं बनाने देने की की बात कहते हुए अमर कुशवाहा और इंजीनियर लक्ष्मी नारायण के साथ गाली गलौज और मारपीट की। इसके साथ ही सूर्या कुशवाहा ने कार में रखा लैप टॉप और लोकेश्वर कुशवाहा इंजिनियर का लेबल मशीन को लूट लिया। मारपीट और लूटपाट की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। इस मामले में पुलिस ने युवक की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(3), 309(4), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।



## खबर संक्षेप

### बतौली के भाजपा नेता बने जशपुर किसान मोर्चा प्रभारी



**सेदम।** बतौली के भाजपा नेता व छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान मोर्चा के मखाना उत्पाद एवं फसल चक्र प्रकल्प के सहसंयोजक अशोक कुमार गुप्ता को भाजपा किसान मोर्चा प्रभारी जिला जशपुर का बनाया गया है जिससे समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के सहमति से पूरे प्रदेश में किसान मोर्चा जिला प्रभारी की नियुक्ति की गई है जहां बतौली भाजपा के अशोक कुमार गुप्ता को जिला जशपुर का किसान मोर्चा जिला प्रभारी बनाया गया है। जहां सह प्रभारी के रूप में .सोमनाथ सिंह को बनाया गया है। जशपुर किसान मोर्चा के जिला प्रभारी बनने पर अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा किसानों के व्यापक हितों के लिए चलाए जा रहे अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से किसानों का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि अपने दायित्व का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा।

### भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्ना लाल चौधरी बने सरगुजा प्रभारी



**राजपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला प्रभारी एवं सह प्रभारियों की घोषणा की गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से किसान मोर्चा प्रदेश नेतृत्व ने विभिन्न जिलों के लिए जिम्मेदारियों का वितरण किया है। इसी क्रम में सरगुजा जिले का प्रभारी राजपुर निवासी एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्नालाल चौधरी को बनाया गया है, जबकि विनोद कुमार साहू को सहप्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुन्नालाल चौधरी को सरगुजा जिले का प्रभारी बनाए जाने से जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं किसान मोर्चा पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल है। उन्होंने नई जिम्मेदारी मिलने पर कहा कि पार्टी द्वारा उन पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे तथा सरगुजा जिले में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे।

### अवैध ब्लास्टिंग से दहशत में था गांव खनन और परिवहन पर कार्रवाई



**सरिया।** डोलोमाइट के अवैध उत्खनन एवं परिवहन को लेकर बुधवार को खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए 16 ट्रैक्टर, 8 पोकलेन एवं एक जेसीबी मशीन जब्त की है। इस गांव में पहले अवैध तरीके से डोलोमाइट खनन के लिए मौहापाली में अवैध ब्लास्टिंग किया गया था। जिसके कारण गांव दहशत में था। जागरूक नागरिकों ने इसकी शिकायत विभाग से किया था। तत्पश्चात आज खनिज विभाग ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। सरिया के ग्राम मौहापाली में अवैध डोलोमाइट खनन एवं परिवहन धड़ल्ले से हो रहा था। कई बार इसकी शिकायत की गई। इसके बाद गांव में अवैध उत्खनन को लेकर माफियाओं के द्वारा बारूद ब्लास्टिंग किए जाने से गांव में दहशत व्याप्त था। तथा घरों में ब्लास्टिंग के कारण दरारें पड़ गई। बुधवार को खनिज विभाग ने कार्रवाई की है। दोपहर 2 बजे खदान क्षेत्र मौहापाली में खनिज विभाग निरीक्षक विवेक कुमार चंद्राकर के नेतृत्व में विभाग द्वारा कार्रवाई की गई। जिसमें 16 ट्रैक्टर, 8 पोकलेन एवं 1 जेसीबी मशीन को जब्त किया गया। सभी जब्त वाहनों को नियमानुसार आगे की प्रक्रिया के लिए सरिया थाने में सुरक्षा अभिरक्षा में रखा गया है।

### नकली शराब बिक्री के फरार सरगना की खोज तेज

**रायगढ़।** कोतरा रोड थाना क्षेत्र के धनागर ग्राम पंचायत में बीते दिनों अवैध शराब बनाने और विक्रय करने के मामले में पुलिस ने भूतपूर्व उपसरपंच सहित उसके भाई को गिरफ्तार किया था, किंतु इस गोरख धंधे का मास्टरमाइंड विनय सिंह ठाकुर इस कार्रवाई के बाद से ही फरार है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। इसी क्रम में भारी पुलिस बल ने आरोपी विनय सिंह के घर पर दबिश दी और उसके घर पर नोटिस चस्पा कर उसे तीन दिन की मोहलत दी गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसकी लगातार तलाश की जा रही है।

## किसान जरकिन लेकर भटक रहे दर-दर, लोगों में आक्रोश

# प्रतापपुर क्षेत्र में गहराया डीजल संकट, कई पेट्रोल पंप हुए ड्राई

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर सहित आसपास क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप में इन दिनों डीजल-पेट्रोल आपूर्ति को लेकर भारी अव्यवस्था देखने को मिल रही है। नगर के कई पेट्रोल पंपों में डीजल और पेट्रोल की किल्लत होने लगी है जबकि कई पेट्रोल पंप ड्राई हो चुके है। इधर पेट्रोल पंप में मनमानी भी देखी जा रही है और सबसे बड़ी बात यह है कि पेट्रोल पंप में डीजल रहने के बाद भी जरकिन में 1 या 2 लीटर डीजल या पेट्रोल तक नहीं दिया जा रहा है जिससे किसान, वाहन चालक और जरूरी सेवाओं से जुड़े लोग परेशान हैं।

**खास बात**

- पेट्रोल पंप में ट्रैक्टर खड़ा हो जाने के बाद भी नहीं मिल रहा आधा लीटर डीजल

स्थानीय लोगों का कहना है कि खेती-किसानी के इस महत्वपूर्ण समय में किसान डीजल के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। ट्रैक्टर, पंप और कृषि उपकरणों के संचालन के लिए डीजल की मांग बढ़ी हुई है, लेकिन अधिकांश पंपों में या तो डीजल उपलब्ध नहीं है या सीमित मात्रा में दिया जा रहा है। ऐसे में अगर किसी के ट्रैक्टर या कहीं भी बाइक का भी पेट्रोल खत्म हो जाता है तो 1 लीटर तक डीजल या पेट्रोल नहीं दिया जा रहा है जिससे वाहन को लेकर टंकी तक लाया जा सके। इस तरह का मामला सामने आने पर लोगों में इतना आक्रोश है कि रोजाना पेट्रोल टंकी में मारपीट की स्थिति निर्मित हो जा रही है। लोगों ने कहा कि वाहनों में पेट्रोल खत्म होने के बाद जब डब्बा लेकर जाया जाता है टंकी में उसके बाद भी पेट्रोल उपलब्ध नहीं हो पा रहा। किसानों का आरोप है कि जब वे जरकिन लेकर पेट्रोल पंप पहुंच रहे हैं तो कई डीलर यह कहकर डीजल देने से मना कर रहे हैं कि ऊपर से कोई स्पष्ट आदेश नहीं मिला है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रम और नाराजगी बढ़ती जा रही है। दरअसल, हाल के दिनों में देशभर में डीजल की मांग अचानक बढ़ी है। रबी फसल कटाई, खरीफ सीजन की तैयारी और बाजार में बढ़ी खपत के कारण सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों पर दबाव बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल संकट और आपूर्ति दबाव का असर भी भारतीय बाजार पर दिखाई दे रहा है। हालांकि केंद्र और राज्य सरकार लगातार दावा कर रही हैं कि प्रदेश में पर्याप्त पेट्रोल-डीजल उपलब्ध है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। छत्तीसगढ़ खाद्य विभाग के अनुसार राज्य में पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और तेल डिपो से नियमित आपूर्ति जारी है। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर प्रतापपुर, सूरजपुर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में हालात अलग नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि जल्द आपूर्ति व्यवस्था सामान्य नहीं हुई तो खेती-किसानी, परिवहन और आवश्यक सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती हैं।



पेट्रोल पम्प में वाहनों की लगी भीड़।

### खेती किसानी पर पड़ रहा असर

पेट्रोल पंप में डीजल नहीं मिलने से अब इसका असर खेती किसानी पर पड़ने लगा है। किसानों का कहना है कि पेट्रोल डीजल सीमित मात्रा में देने तथा कई पेट्रोल पंप में नहीं मिलने से सभी परेशान है। लेकिन डीजल के अभाव में सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ रहा है। मानसून करीब है ऐसे में समय रहते खेत तैयार नहीं हुए तो फसल के पिछड़ जाने की संभावना है। इधर ट्रैक्टर सहित अन्य उपकरण के लिए पेट्रोल पंप में डीजल लेने जाते है तो निराश होकर लौटना पड़ता है। ऐसे में किसान सहित अन्य लोग डीजल और पेट्रोल के लिए दर दर भटकने को मजबूर है।

### डिब्बे में नहीं मिलता डीजल पेट्रोल

लोगों का कहना है कि अगर किसी की बाइक का पेट्रोल एक किमी दूर खत्म हो जाए तो बाइक सवार डिब्बे में पेट्रोल लेने आएगा उसके बाद भी पेट्रोल पंप में ईंधन नहीं दिया जाता है। इसके अलावा किसी किसान के खेत में चल रहे ट्रैक्टर की ईंधन खत्म होने पर जब किसान जरकिन लेकर आता है तो उसे भी वाहन लेकर आने की बात कही जाती है। जबकि सरकार किसानों को विशेष परिस्थितियों में जरकिन में डीजल देने की अनुमति दे चुकी है।

### उच्च अधिकारियों से करेंगे चर्चा

प्रतापपुर क्षेत्र में डीजल और पेट्रोल नहीं मिल रही है तो उच्च अधिकारियों से चर्चा कर स्थिति स्पष्ट करेंगे। फिलहाल प्रशासनिक स्तर पर आपूर्ति व्यवस्था और निर्देशों को लेकर समन्वय बनाने की कोशिश जारी है।

-शशि जायसवाल
फूड इंस्पेक्टर प्रतापपुर



## स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया अग्निशमन सुरक्षा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरियों में अग्निशमन सुरक्षा एवं बचाव संबंधी विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार तथा सीएमएचओ डॉ. विजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश जायसवाल के नेतृत्व में किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला अग्निशमन विभाग सरगुजा की टीम ने भाग लिया। 48वीं बटालियन के सब फायर ऑफिसर एवं प्रभारी फायर स्टेशन सरगुजा गुलशन कुमार तिवारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अग्निकांड की स्थिति में सुरक्षा एवं बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आग लगने के विभिन्न कारणों, आग की अलग-अलग श्रेणियों तथा उनसे निपटने के प्रभावी तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ ही अग्निशमन उपकरणों के उपयोग का प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी किया गया। प्रशिक्षकों ने फायर एक्सटिंग्विशर के संचालन की विधि समझाते हुए कर्मचारियों को स्वयं अभ्यास कराया। आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय संयमित रहकर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य करने के तरीकों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ. अवधेश साहू ने कहा कि अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में अग्निशमन सुरक्षा की जानकारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में फायर एक्सटिंग्विशर उपलब्ध रखने तथा समय-समय पर उसकी जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने में सहायक होते हैं।



## किसानों ने की खाद-बीज की मांग, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा दी आंदोलन की चेतावनी

**प्रतापपुर।** खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही किसानों की समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान विकास महासंघ ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महासंघ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज और डीजल उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। किसान महासंघ के प्रांताध्यक्ष विद्यासागर सिंह के साथ संजीव श्रीवास्तव, त्रिभुवन सिंह एवं सरपंचो ने ज्ञापन सौंप कहा कि खरीफ सीजन किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है, लेकिन हर वर्ष की तरह इस बार भी खाद और बीज की उपलब्धता को लेकर किसानों में चिंता बनी हुई है। यदि समय पर यूरिया, डीएपी और अन्य उर्वरक उपलब्ध नहीं हुए तो खेती-किसानी प्रभावित होगी और इसका सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ेगा। ज्ञापन में मांग की गई है कि किसानों को उनके रकबे के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक एवं गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराया जाए। जिन किसानों का किसान क्रेडिट कार्ड नहीं बना है, उन्हें भी खाद प्राप्त करने की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त मात्रा में डीजल उपलब्ध कराने की मांग भी की गई है। किसानों का आरोप है कि कई निजी दुकानों में खाद की उपलब्धता और वितरण को लेकर पारदर्शिता नहीं रहती, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके लिए निजी दुकानों की निगरानी हेतु शासकीय समिति गठित करने तथा प्रतिदिन आवक-जावक का रिकॉर्ड रखने की मांग की गई है। किसानों ने कहा है कि यदि प्रशासन ने मांगों को गंभीरता से नहीं लिया और खाद-बीज संकट का समाधान नहीं किया तो व्यापक धरना-प्रदर्शन, चक्का जाम और आंदोलन किया जाएगा।

## महाराणा प्रताप जयंती पर तुलसी साहित्य समिति की काव्य गोष्ठी



**अम्बिकापुर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर की अध्यक्षता एवं सच्चिदानंद पाण्डेय, राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक राजेश तिवारी, रंजीत सारथी, प्रताप पाण्डेय और चंद्रभूषण मिश्र के आतिथ्य में काव्य गोष्ठी की।

प्रारंभ में आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर, हरिशंकर सिंह, पं.सच्चिदानंद पाण्डेय, पं.रामनारायण शर्मा ने महाराणा प्रताप की वीरता, शौर्य, स्वाभिमान, युद्ध कौशल सहित उनके जीवन प्रसंगों के माध्यम से उनकी बहादुरी का स्मरण किया। कवि सम्मेलन में संस्था के अध्यक्ष मुकुंदलाल साहू ने दुश्मन डरे प्रताप से, आया ऐसा दौर, कार्यकारी अध्यक्ष कवयित्री माधुरी जायसवाल ने युगों-युगों में जन्मते, राणा जैसे वीर, आशा पाण्डेय ने सदा अमर जग में रहा, राणा तेरा नाम, आशा मिश्रा ने जनमानस पर आज भी, जिनकी गहरी छाप, रामलाल विश्वकर्मा ने मचा हुआ था कोलाहल मुगलों की चीख-पुकारों से, संध्या दुबे ने महलों त्यागकर जंगलों में घास रोटी खाई थी, पूनम दुबे वीणा ने कर्म ऐसा कीजिए कि जीने की पहचान हो, शिरीन खान ने बड़े होने की चाहत में छोटे होते जाते लोग, प्रताप पाण्डेय ने हर कोयल को हक है अपने सुर में गाने का, अंबरीश कश्यप ने अपनी नजरों से जो गिर जाओगे, चंद्रभूषण मिश्र ने देखकर वह अपनी नजरें झुका लेते हैं रंजीत सारथी ने देखमोर संगी जी, छोड़ फेड़ काटे कर धियान, अजय सागर ने कैसे निभाते प्यार, गीता दुबे ने आभार से भरा मन, मणपति मैं करूं वंदन रचना सुनाई। आभार प्रदर्शन आशा पाण्डेय ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, कृष्ण कुंवर, किरण कुजूर, प्रमोद और मनीलाल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शशि सिन्हा पत्नी सुजीत कुमार सिन्हा निवासी बौरीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 2798/6 रकबा 0.013 हे. भूमि को अनावेदक प्रवीण गुप्ता आ.स्व. रामगोपाल गुप्ता निवासी सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास निजी कार्य हेतु रूपयो की आवश्यकता होने के कारण अंकन राशि 13,50,000/- मे सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुंजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 24.06.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 08/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।
तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग
सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो 12वीं के बाद आर्थिक कारणों से BE, M-TECH, M.B.B.S. एवं M.D. प्रवेश लेने के बावजूद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते है। हम ऐसे छात्रों की प्रतिभा को निखारने की कोशिश करते हैं, आर्थिक मदद देकर जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।
कृपया ऐसे छात्र निम्न पते पर हमें संपर्क कर सकते है एवं ट्रस्ट की वेबसाईट www.sujanidevitrust.org पर भी online आवेदन कर सकते है
आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026
सुजानी देवी ट्रस्ट
अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
मुकेश गोयल, प्रतापपुर मो. 09425585471, 09165794999
अजीत अग्रवाल, महामाया कम्प्यूटर्स ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर मो. 9425254169
प्रदीप सिंघल :- 9425547550

TOP IN SURGUJA
के आर टेक्निकल कॉलेज SINCE 2008 WWW.KRTC.CO.IN
COURSES OFFERED:
UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
ADMISSION OPEN 2026-27
फ्री कोचिंग
COLLEGE CAMPUS: 9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: 9826183771
विद्यासागर छात्रवृत्ति 30%

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
डॉ. प्राची जायसवाल
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

सरगुजा मार्केट

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT/MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
ANU SHARMA 9109920477

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
दिनांक - 28 जून 2026, दिन - रविवार
विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. शिवानी अग्रवाल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
OPD समय: सुबह 10:00 बजे - 2:00 बजे शाम 5:00 बजे - 7:00 बजे
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसिन)
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
दिनांक :- 14 जून 2026, रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न.- 7354260555

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

न्यूरो एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. चंदन दूबे
MBBS, MS, MCH NEUROSURGERY (IPGME&R, KOLKATA)
प्रतिदिन आपके शहर अम्बिकापुर में उपलब्ध...
श्री महावीर हॉस्पिटल, साईं मंदिर के पास, गांधी नगर अम्बिकापुर, 6263080332 (समय : 2-4 बजे तक)
साईं पॉलीक्लिनिक, जिला हॉस्पिटल के सामने अम्बिकापुर, 7987423885 (समय : 5-7 बजे तक)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकिज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज

## खबर संक्षेप

### अंबिकापुर-मनेंद्रगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग 43 को फोरलेन बनाने की मांग

**बिश्रामपुर।** भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनुप सिन्हा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आज शिवनंदनपुर प्रवास के दौरान उन्हें ज्ञापन सौंप कर अंबिकापुर जिला सरगुजा से मनेंद्रगढ़ तक राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-43 को फोरलेन में परिवर्तित करने की मांग की है। उन्होंने इस 120 किलोमीटर लंबे मार्ग को क्षेत्र की आवश्यकता बताते हुए शीघ्र कार्यवाही की मांग की है। मुख्यमंत्री को सौंपे गए पत्र में अनुप सिन्हा ने उल्लेख किया है कि गुमला (झारखंड) से कटनी (मध्यप्रदेश) को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग-43 वर्तमान में दो लेन का है, जबकि इस मार्ग पर लगातार बढ़ते यातायात को देखते हुए इसे फोरलेन में परिवर्तित करना आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग मध्यप्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों की ओर जाने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। साथ ही यह छत्तीसगढ़ के चार जिला मुख्यालयों-अंबिकापुर सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और एमसीबी से होकर गुजरता है। पत्र में यह भी कहा गया है कि इस मार्ग पर भारी यातायात के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिनमें बड़ी संख्या में लोग घायल होते हैं और कई लोगों की जान भी चली जाती है। अनुप सिन्हा ने विशेष रूप से नगर पंचायत शिवनंदनपुर बिश्रामपुर का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र से होकर गुजरता है, जिससे यहां लगातार जाम और दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने नगर के लिए बाईपास सड़क निर्माण की आवश्यकता भी जताई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अंबिकापुर से मनेंद्रगढ़ तक दो लेन सड़क को फोरलेन में परिवर्तित करने और क्षेत्र की यातायात समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है।

### घर में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**सूरजपुर।** जिले के पम्पापुर ग्राम पंचायत के झारपारा मोहल्ले में मंगलवार तड़के एक घर में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग



इतनी तेजी से फैली कि घर में सो रहे परिवार के चार सदस्यों को अपनी जान बचाने के लिए बाहर भागना पड़ा। गनीमत रही कि समय रहते सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद जब तक आग पर काबू पाया तब तक घर में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो चुका था। आग की लपटों और धुएं को देखकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और राहत कार्य में सहयोग किया। प्राथमिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। हालांकि पुलिस और प्रशासनिक टीम मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग ने कुछ ही मिनटों में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया था। यदि परिवार के सदस्य समय रहते बाहर नहीं निकलते तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

### सड़क पर खड़े कोयला लोड ट्रक से टकराया बाइक सवार, मौत

**सेदम।** एनएच 43 गढ़िया बहरी सेदम स्थित पेट्रोल पंप के समीप मुख्य मार्ग पर खड़े कोयला लोड ट्रक के पीछे बाइक सवार टकरा गया।



बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार रात्रि 11.30 बजे ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5090 के टायर फटने से चालक संजय यादव ट्रक को सड़क पर ही खड़ा कर बिना पार्किंग लाइट जलाए चक्का बदल रहा था। इसी दौरान बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएम 3643 सवार लखनपुर गुफाखार निवासी मोहन बोर्जे आ. नरेश बोर्जे (20 वर्ष) ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गया। बाइक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक अम्बिकापुर में मजदूरी करता है जिसका विवाह हाल ही में मैनपाट के वंदना निवासी युवती से तय हुआ था। बीती रात युवक अंबिकापुर से वंदना जा रहा था तभी दुर्घटना हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। कोयला लोड ट्रक के ड्राइवर द्वारा ट्रक को सड़क पर खड़ा किया गया था जिसमें यातायात नियमों की खुलेआम अवहेलना की गई। ट्रक के पिछले हिस्से में सांकेतिक चिन्ह भी नहीं थी और न ही पार्किंग लाईट जलाया गया था। ऐसे में अंधेरा होने के कारण बाइक सवार सीधे ट्रक के पीछे टकरा गया। ट्रक अमगांव से कोयला लोड कर उड़ीसा जा रहा था।

## शेष अतिक्रमणकारियों को एक सप्ताह की मोहलत

# प्रशासन की संयुक्त टीम ने शासकीय संस्थानों को आवंटित भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त



अतिक्रमण हटाता जेसीबी।



स्थल पर तैनात पुलिस एवं राजस्व अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामचन्द्रपुर

शासकीय संस्थानों को आवंटित भूमि पर लम्बे समय से अतिक्रमण कर घर बनाने वाले लोगों के विरूद्ध प्रशासन की संयुक्त टीम ने सख्त कार्रवाई की तथा अलग-अलग स्थानों पर शासकीय भूमि पर बने अवैध मकानों को ढहा दिया। कुछ अतिक्रमणकारियों द्वारा स्वयं अतिक्रमण हटाने की मिन्नतें करने पर प्रशासन ने उन्हें एक सप्ताह की मोहलत दी है।

**खास बातें**
- टीम ने छात्रावास, आईटीआई एवं मुख्य मार्ग के किनारे बने दो दर्जन अवैध मकानों को ढहाया
- प्रशासनिक कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप

ग्राम पंचायत रामचंद्रपुर में प्रशासन द्वारा प्री-मैट्रिक छात्रावास के पास छात्रावास निर्माण के लिए भूमि आवंटित की गई थी। इसी तरह पूर्व में आईटीआई भवन के लिए भूमि आवंटित की गई थी। शासकीय विभागों के लिए आवंटित भूमि पर अतिक्रमण कर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पक्का एवं खपरैल मकान बना लिए थे जबकि कुछ अतिक्रमणकारी झोपड़ी बनाकर भूमि के मालिक बन गए थे। अवैध अतिक्रमण की शिकायत पर प्रशासन ने राजस्व अभिलेखों के अनुसार भूमि का सीमांकन कराने के साथ ही अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर अवैध अतिक्रमण हटाने निर्देशित किया था। प्रशासन की नोटिस को गंभीरता से लेते हुए कुछ अतिक्रमणकारियों ने अपने घरों को खाली कर दिया था जबकि अधिकांश अतिक्रमणकारी नोटिस को प्रशासनिक खानापूर्ति मानकर इसे सामान्य प्रक्रिया मान रहे थे। नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद सुबह 6 बजे एसडीएम आनंद राम नेताम के नेतृत्व में पुलिस, राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की संयुक्त टीम जेसीबी लेकर पहुंची एवं अवैध अतिक्रमण को ढहाने लगी। शांति व्यवस्था के लिए प्रशासन द्वारा स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया था। टीम ने सर्वप्रथम छात्रावास की भूमि पर बने 9 अवैध मकानों को तत्काल ढहा कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। छात्रावास भूमि से अतिक्रमण हटाने के बाद प्रशासनिक टीम रामचंद्रपुर-सनावल मुख्य मार्ग पर पहुंची जहां सड़क किनारे की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर 7 अतिक्रमणकारियों ने पक्के मकान बना लिये हैं तथा कुछ अतिक्रमणकारी पक्के मकान बना रहे थे। टीम ने शासकीय भूमि पर बन रहे तीन मकानों को ढहा दिया जबकि पूर्व में मकान बनाने वाले अतिक्रमणकारियों द्वारा स्वयं अतिक्रमण हटाने की मिन्नतें करने पर एक सप्ताह की मोहलत दी गई है।

अंत में टीम आईटीआई भवन निर्माण के लिए आवंटित स्थल पर पहुंची जहां वर्षों से शासकीय भूमि पर निवासरत 12 लोगों में 3 का घर ढहा दिया तथा शेष 9 अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है।इस दौरान सुबह 6 बजे से 12.30 बजे तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चलती रही। थाना प्रभारी मनोज नौरजे ने बताया कि टीम द्वारा शेष अतिक्रमणकारियों स्वयं से अपना अतिक्रमण हटाने के लिए एक सप्ताह की मोहलत दी गई है। इस दौरान एसडीओपी बाजीलाल सिंह, तहसीलदार अश्विनी चंद्रा, नायब तहसीलदार आरसी यादव सहित बड़ी संख्या में राजस्व, पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**इन अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कार्रवाई**

प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई के दौरान शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने पर छात्रावास भूमि पर काबिज जमरूद्दीन अंसारी, खुदा बख्श, सब्बर हुसैन, फिदा हुसैन, गद्या हुसैन, इलाही बख्श, मुबारक अली मुख्य मार्ग से सटी शासकीय भूमि पर काबिज दरोगा यादव, डेविडलाल, रोहित गुप्ता, नरसिंह तिवारी, प्रभाकर तिवारी, पन्तु अंसारी, उमाशंकर एवं आईटीआई की भूमि पर काबिज संजय सिंह, लक्ष्मी सिंह, लखन सिंह एवं चंधिन प्रजापति का अवैध अतिक्रमण हटाकर लगभग 8 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

**जारी रहेगी कार्रवाई**

शासकीय भूमि को सुरक्षित रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध प्रशासन की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

-आनंद राम नेताम
एसडीएम, रामानुजगंज



# खेल युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण की सबसे बड़ी पाठशाला : मंत्री राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

खेल और उत्साह के अनूठे संगम के बीच ग्राम बड़सरा में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता एवं शिवप्रसाद नगर में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े तथा राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा की मौजूदगी ने खिलाड़ियों का उत्साह कई गुना बढ़ा दिया। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मैदान में बल्ला थामकर चौका लगाते हुए खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

- कटकोना ने क्रिकेट, रामनगर ने कबड्डी का जीता खिताब

इस अवसर पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण की सबसे बड़ी पाठशाला है। खेल अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास और संघर्ष की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता उन्हें उचित अवसर और मंच देने की है। राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि गांवों के खेल मैदानों से ही भविष्य के खिलाड़ी तैयार होते हैं। खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ आगे बढ़ने की बात कही। बड़सरा में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मुकाबले में कटकोना की टीम ने मेजबान बड़सरा को हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। विजेता टीम को 51 हजार नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया वहीं शिवप्रसादनगर में आयोजित रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में रामनगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चबदा को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 10 हजार एवं उपविजेता टीम को 5,500 की पुरस्कार राशि व ट्रॉफी प्रदान की गई।

प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बड़सरा क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जिपं सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, रामाशंकर यादव, रामू गोस्वामी, जगनारायण सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# गायत्री भूमिगत खदान में ठेका श्रमिकों का प्रदर्शन 5 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

16 जून मंगलवार को संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) के नेतृत्व में गायत्री भूमिगत खदान के ठेका श्रमिकों द्वारा अपनी मांगों और प्रबंधन के शोषणकारी रवैये के खिलाफ पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 7 बजे से 9 बजे तक शांतिपूर्ण एवं सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। आंदोलन की समाप्ति पर संघ के पदाधिकारियों द्वारा महाप्रबंधक बिश्रामपुर क्षेत्र के नाम खान प्रबंधक श्री जे. डी. सिंह को एक 5 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया।

प्रबंधन की उदासीनता से उपजा आक्रोश-संघ के आरजीके सहक्षेत्र के सचिव सलमान खान ने बताया कि ठेका श्रमिकों की गंभीर समस्याओं को लेकर प्रबंधन को पूर्व में ही 1 जून 2026 को लिखित सूचना दी गई थी। प्रबंधन को कार्रवाई के लिए 13 जून 2026 तक का समय दिया गया था, लेकिन उनकी ओर से ना तो कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया और ना ही श्रमिको से कोई वार्ता कि गई। प्रबंधन की इसी उदासीनता और उपेक्षित रवैये से आक्रोशित होकर आज श्रमिकों को आंदोलन की राह पकड़नी पड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि जान जोखिम में डालकर काम करने वाले गरीब श्रमिकों को उनके अधिकारों से वंचित रखना स्थापित श्रम कानूनों का खुला उल्लंघन है।

**ये हैं श्रमिकों की प्रमुख 5 सूत्रीय मांगें**

सभी ठेका श्रमिकों को हर महीने अनिवार्य रूप से न्यूनतम 26 दिन का कार्य दिया जाए। वर्ष 2024-25 का लंबित बोनस का तत्काल भुगतान किया जाए और सभी को आधिकारिक 'बोनस पर्ची' दी जाए। सवेतन अवकाश: कोल इंडिया के नियमानुसार श्रमिकों को सवेतन छुट्टियो का लाभ मिले। मूलभूत सुविधाएं: श्रमिकों के परिवारों और आश्रितों के लिए समुचित शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था सुलभ कराई जाए। पारदर्शिता व सही वेतन: गायत्री भूमिगत खदान के सभी ठेका श्रमिकों को निर्धारित एचपीसी वेज दर तथा बोनस का पूर्ण व पारदर्शी लाभ दिया जाए। संघ के क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग ने प्रबंधन को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि श्यदि इन न्यायोचित मांगों पर तत्काल सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो आगामी दिनों में इससे भी बड़ा, उग्र और चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा,उक्त प्रदर्शन में धर्मजीत, रामधन, मुरली, रामकेश एवं अन्य ठेका श्रमिकों ने अपने उद्बोधन में श्रमिकों की समस्याओं और मांगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस आंदोलन में गायत्री खदान के भारी संख्या में ठेका श्रमिक एवं संघ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आम तोड़ रही युवती की स्कूटी ले उड़े चोर

**अम्बिकापुर।** सड़क किनारे स्कूटी खड़ा कर आम तोड़ना उस समय युवती को भारी पड़ गया जब चोरों आम तोड़ रही युवती की स्कूटी को पार कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम बेलजोरा निवासी सीता तिवारी आ. जवाहर लाल तिवारी 6 जून की शाम स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईजे 3606 से सलाईनगर जा रही थी। शाम 5 बजे जैसे ही ग्राम चलता कापू रोड पुलिया के समीप पहुंची तो सड़क किनारे स्कूटी खड़ा का आम तोड़ने चली गई। कुछ देर बाद वापस लौटी तो देखा स्कूटी अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब स्कूटी का कहीं पता नहीं चला तो गत दिन घटना की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(बी) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल सतपता के युवा आर्किटेक्ट की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शुक्रवार 12 जून को एनएच 43 में जयनगर आत्मानंद विद्यालय के पास अलसुबह हुई सड़क दुर्घटना में युवा आर्किटेक्ट इंजीनियर जिनशर पिता नासिर 36 वर्ष का इलाज के दौरान रायपुर के श्री नारायणा हॉस्पिटल में निधन हो गया। बताया गया कि शुक्रवार को वह अपनी बुलेट मोटर साइकिल से साइड विजिट के लिए अंबिकापुर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही तेज अनियंत्रित रफ्तार की कार सीजी 29 एई 0502 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

- रायपुर के निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज, पैर के अंतर की नस कट जाने से हुई अंदरूनी ब्लीडिंग

घटना में बाइक समेत कार के नीचे फंसे युवा आर्किटेक्ट बीस मीटर सड़क पर घसीटते आगे चले गई ।घटना में बुरी तरह जख्मी आर्किटेक्ट को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गया।यहां मरहम पट्टी के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया लेकिन आवश्यक चिकित्सा सुविधा के अभाव में उन्हें पुनः रायपुर ले जाया गया।बताया जाता है कि घटना में उनके दाहिने पैर की नस कट जाने से भीतर भीतर ब्लीडिंग होती रही और मेडिकल कॉलेज में उनके पैर को फैक्चर बताते हुए प्लास्टर चढ़ा दिया गया।रायपुर अस्पताल में इलाज के दौरान उनके पैर में इन्फेक्शन की जानकारी के बाद उनका एक पैर काटना पड़ा,इसके बाबजूद स्थिति बिगड़ती चली गई और मंगलवार को सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई ।उनके शव को पीएम के बाद परिजन केरल लेकर रवाना हो गए हैं,कुशाग्र बुद्धि एवं मिलनसार छवि के युवा आर्किटेक्ट इंजीनियर जिन्शर की मौत की सूचना से नगरवासी स्तब्ध हैं।मृतक आर्किटेक्ट के दो बालक हैं।घटना से उनके परिवार में मातम की स्थिति निर्मित कर दी है।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ

**अम्बिकापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा कलाकेंद्र मैदान में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद चिंतामणि महाराज, जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, महापौर मंजूषा भगत, युवा आयोग के प्रदेश अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर तथा जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह के आतिथ्य में फीता खोलकर किया गया।इस अवसर पर सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की है। प्रदर्शनी में प्रदर्शित चित्र और जानकारी केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा देश के विकास की यात्रा को दर्शाते है। प्रदर्शनी आम जनता को सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराने का प्रभावी माध्यम बनेगी। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और जनकल्याण के स्वर्णिम काल के रूप में याद किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। प्रदर्शनी विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने का कार्य करेगी। इस दौरान पूर्व सांसद कमभान सिंह, ननि अध्यक्ष हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिला महामंत्री अरूणा सिंह, विकास पाण्डेय, मनीष सिंह, मधु चौधरी, निश्चल सिंह, आलोक दुबे, जन्मेजय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# विद्युत दरों में वृद्धि के विरोध में कांग्रेस विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विद्युत दरों में भारी वृद्धि के विरोध में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। विद्युत दरों में वृद्धि को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने क्रमिक आंदोलन की घोषणा की है। इसी के तहत आज जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में पुतला दहन किया है।



घड़ी चौक पुतला दहन उपरांत कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने ढाई वर्ष के कार्यकाल में पांचवीं बार बिजली दरों में वृद्धि कर आम जनता, किसानों, व्यापारियों एवं मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने का कार्य किया है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली की दरों में लगातार की गई वृद्धि जनविरोधी निर्णय है, जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है। उन्होंने कहा कि ढाई साल के कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने अबतक 1.30रुपए प्रति यूनिट बिजली की दरों में वृद्धि की है। इस वृद्धि के बावजूद बिजली बिल हाफ योजना जैसी लोककल्याणकारी योजना को समाप्त कर आम जनता पर बोझ डाला गया। कीमतों में वृद्धि के बावजूद सरकार आमजन को निर्बाध रूप से बिजली सप्लाई में भी असफल रही। कांग्रेस प्रदेश महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा ने कहा कि एक ओर महंगाई लगातार बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर सरकार बिजली दरों में वृद्धि कर जनता की परेशानियों को और बढ़ाने का काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी जनता के हितों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बिजली दर वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग की तथा चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यह निर्णय वापस नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

इस क्रमिक आंदोलन के अगले चरण में 18 जून को पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में एक प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे। 18 जून को ही जिला कांग्रेस कमेटी नमना स्थित विद्युत कार्यालय का घेराव भी करेगी, जिसमें जिले भर के कार्यकर्ता शामिल होंगे। पुतला दहन कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, मो इस्लाम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह धंजल, जगन्नाथ कुशवाहा, हेमंत तिवारी, विनीत विशाल जायसवाल, सीमा सोनी, संध्या रवानी, दुर्गेश गुप्ता, अशफाक अली, जीवन यादव, गुरप्रीत सिद्धू, रजनीश सिंह, सोहन जायसवाल, सतीश बारी, दिनेश शर्मा, अमित तिवारी राजा, गीता प्रजापति, गीता रजक, आशीष जायसवाल, शुभम जायसवाल, अमित सिंह, विकास केशरी, विकास शर्मा, शिवप्रसाद अग्रहरि, काजू ख़ान, सहित अन्य मौजूद थे।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

